# अध्याय – 3 | अपवाह

QUIZ PART-07

1. **भारत की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील कौन-सी है?**
   A. डल झील
   B. भीमताल
   C. वूलर झील
   D. लोकतक झील (C)

*व्याख्या :* वूलर झील (जम्मू और कश्मीर) भारत की सबसे बड़ी मीठे पानी की झील है।

2. **सांभर झील किस लिए प्रसिद्ध है?**
   A. पर्यटन
   B. जल विद्युत उत्पादन
   C. नमक उत्पादन
   D. मत्स्य पालन (C)

*व्याख्या :* राजस्थान की सांभर झील खारे पानी की झील है और नमक उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।

3. **चिल्का झील कहाँ स्थित है?**
   A. तमिलनाडु
   B. ओडिशा
   C. केरल
   D. गुजरात (B)

*व्याख्या :* चिल्का झील ओडिशा के तटीय क्षेत्र में स्थित है और यह खारे पानी की झील है।

4. **पृथ्वी की सतह का कितना प्रतिशत भाग जल से ढका है?**
   A. 29%
   B. 71%
   C. 97%
   D. 3% (B)

*व्याख्या :* पृथ्वी की सतह का 71% भाग जल से ढका हुआ है।

5. **पृथ्वी के कुल जल का कितना प्रतिशत मीठा पानी है?**
   A. 29%
   B. 71%
   C. 97%
   D. 3% (D)

*व्याख्या :* पृथ्वी पर कुल जल का केवल 3% भाग मीठा पानी है।

6. **गुरु गोबिंद सागर झील किस परियोजना के तहत बनी है?**
   A. हिराकुंड परियोजना
   B. भाखड़ा नांगल परियोजना
   C. टिहरी परियोजना
   D. सरदार सरोवर परियोजना (B)

*व्याख्या :* गुरु गोबिंद सागर झील भाखड़ा नांगल परियोजना के तहत बनी एक कृत्रिम झील है।

7. **गोखुर झीलें किस कारण से बनती हैं?**
   A. भूकंप से
   B. नदियों के विसर्प के कटने से
   C. हिमनदों के पिघलने से
   D. ज्वालामुखी विस्फोट से (B)

*व्याख्या :* गोखुर झीलें नदी के विसर्प के कटने से बनती हैं।

8. **झीलों का कौन-सा लाभ है?**
   A. बाढ़ रोकना
   B. जलवायु को संतुलित रखना
   C. जल विद्युत उत्पादन
   D. उपरोक्त सभी (D)

*व्याख्या :* झीलें बाढ़ रोकने, जलवायु संतुलित रखने और जल विद्युत उत्पादन जैसे अनेक लाभ प्रदान करती हैं।

9. **लैगून किस प्रकार की झील होती है?**
   A. ग्लेशियर से बनी झील
   B. स्पिट और बार द्वारा तटीय क्षेत्रों में बनी झील
   C. ज्वालामुखीय झील
   D. कृत्रिम झील (B)

*व्याख्या :* स्पिट और बार द्वारा तटीय क्षेत्रों में जो झीलें बनती हैं उन्हें लैगून कहते हैं, जैसे चिल्का झील।

10. **भारत की कौन-सी झील "खारे पानी की झील" है?**
    A. नैनीताल
    B. भीमताल
    C. सांभर झील
    D. डल झील (C)

*व्याख्या :* सांभर झील खारे पानी की झील है और राजस्थान में स्थित है।